बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति सं0—PR....68...../2023

स्थानीय निकाय शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा (CTT), 2024 (प्रथम) का प्रवेश पत्र निर्गत करने तथा परीक्षा संबंधी आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा स्थानीय निकाय शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा (CTT), 2024 (प्रथम) में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों, सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना), जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार एवं अन्य सभी संबंधितों को सूचित किया जाता है कि स्थानीय निकाय शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा (CTT), 2024 (प्रथम) दिनांक 26.02.2024 से ली जानी है। उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु जिन शिक्षक आवेदकों का आवेदन पत्र ऑनलाइन विधि से उनके जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) के माध्यम से समिति को प्राप्त हुआ है, उनका प्रवेश पत्र क्रमिक रूप से समिति के वेबसाइट **http://www.bsebsakshamta.com** पर अपलोड किया जा रहा है, **जिसे आवेदक द्वारा दिनांक 14.02.2024 से डाउनलोड किया जा सकेगा।**

2. आवेदक उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक पर क्लिक कर एवं उस पर लॉग इन आई॰डी॰ के रूप अपना Application No. व पासवर्ड के रूप में अपना जन्मतिथि (DD-MM-YYYY के पैटर्न में) अंकित कर लॉग इन करेंगे। लॉग इन करने के बाद उन्हें अपना प्रवेश पत्र दिखाई देगा, जिसके उपर दाहिने कोना पर **"Print"** का विकल्प दिखाई देगा। **"Print"** पर क्लिक कर आवेदक अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड/प्रिंट कर सकते हैं।

3. लॉग इन करने के उपरांत जिन आवेदकों को उनका प्रवेश पत्र समिति के वेबसाइट पर दिखाई नहीं दे रहा है, उन्हें यह परामर्श दिया जाता है कि वे इस हेतु सतत रूप से समिति के उक्त वेबसाइट का अवलोकन करते रहेंगे।

4. आवेदक वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के उपरांत उसे अपने जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) से प्रतिहस्ताक्षरित करायेंगे। बिना जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) के प्रतिहस्ताक्षर के प्रवेश पत्र मान्य नहीं होगा तथा उन्हें परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

5. आवेदकों को परामर्श दिया जाता है कि वे प्रवेश पत्र में अंकित तिथि/समय/परीक्षा केन्द्र अनुसार ही परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होंगे। उन्हें यह भी परामर्श दिया जाता है कि वे प्रवेश पत्र में अंकित दिशा—निर्देशों का भली—भाँति अध्ययन कर लेंगे तथा उसका पालन करेंगे।

13/2/24

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

ज्ञापांक : के0वि0 .....101...../2023 पटना, दिनांक ..13../..02../2023 13/2/24

प्रतिलिपि: जन सम्पर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को दैनिक समाचार—पत्रों में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

2. प्रोजेक्ट मैनेजर, M/S Sify Services Limited, Chennai को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
3. प्रोजेक्ट मैनेजर, M/S Kids International Pvt. Ltd. को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
4. उप निदेशक,आई0टी0 (ओ0एफ0एस0एस0), बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को सूचनार्थ प्रेषित एवं अनुरोध है कि सभी संबंधित को इस विज्ञप्ति से अवगत कराया जाए। साथ ही इसे समिति के BSEB Information App पर अपलोड कर दिया जाय तथा अपनी निगरानी एवं पर्यवेक्षण में आवश्यक व्यवस्था कराना सुनिश्चित की जाय तथा इसका निरंतर अनुश्रवण किया जाए। साथ ही संबंधित अभ्यर्थियों को इसकी सूचना SMS एवं E-Mail के माध्यम से उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाए।
5. सभी जिला पदाधिकारी, सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

13/2/24

6. निदेशक (मा0शि0), शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।
7. अध्यक्ष एवं सचिव के आप्त सचिव/विशेष कार्य पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ प्रेषित।

13/2/24

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

13/2/24

c:\users\aditya\desktop\सक्षमता परीक्षा\सक्षमता परीक्षा विज्ञप्ति.doc